# बिजली विभाग दफ्तर के गेट पर कचरे का ढेर

## 9.61 लाख के बकाया भुगतान को लेकर बिजली विभाग की सख्ती, जेई ने सीएमओ पर लगाए द्वेषपूर्ण कार्रवाई के आरोप

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 31 मार्च. नगर परिषद और बिजली विभाग के बीच बकाया बिल को लेकर विवाद अब टकराव में बदल गया है. 9.61 लाख के बकाया भुगतान को लेकर बिजली विभाग की सख्ती के बाद नगर परिषद पर विभागीय दफ्तर के बाहर कचरा डलवाने के गंभीर आरोप लगे हैं. घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है.**



मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद पर पिछले करीब पांच महीनों से 9 लाख 61 हजार का बिजली बिल बकाया था. बिजली विभाग द्वारा कई बार नोटिस जारी कर भुगतान के निर्देश दिए गए, लेकिन नगर परिषद द्वारा राशि जमा नहीं की गई. बकाया राशि जमा नहीं होने पर बिजली विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए शहर की स्ट्रीट लाइट बंद कर दी। इस कार्रवाई के बाद नगर परिषद और विभाग के बीच तनाव की स्थिति बन गई. मंगलवार सुबह जब बिजली विभाग के कर्मचारी दफ्तर पहुंचे, तो मुख्य द्वार पर तीन ट्रॉली सड़ा-गला कचरा फैला हुआ मिला, कचरे के कारण दफ्तर का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया और आसपास तेज दुर्गंध फैल गई. कनिष्ठ अभियंता रवि सोलंकी ने बताया कि फरवरी में ही नगर परिषद को बकाया बिल और अवैध मोटरों के संचालन को लेकर पत्र जारी किया गया था. उनका आरोप है कि सीएमओ विनय मिश्रा ने न तो पत्र का कोई जवाब दिया और न ही भुगतान किया, बल्कि व्यक्तिगत द्वेष के चलते दफ्तर के सामने कचरा डलवाया गया है.

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे तहसीलदार

घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार जी.सी. राय मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया. इस दौरान जेई रवि सोलंकी और भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश तिवारी भी मौजूद रहे.

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि सरकारी दफ्तर के सामने कचरा डलवाने का आदेश किसने दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है, जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# जेल में बंद बेटे से मिलने को तरसी माँ ने जनसुनवाई में खुद पर डाला पेट्रोल

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में एक बेबस मां ने अपने बेटे से मुलाकात न होने और उसकी कथित प्रताड़ना से आहत होकर खुद पर पेट्रोल डाल लिया. सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों की तत्परता से बड़ी घटना टल गई.**



आवेदिका तस्लीम अली अपनी पीड़ा लेकर जनसुनवाई में पहुंची थीं. उनका आरोप है कि उनका पुत्र पिछले पांच वर्षों से एक मामले में केंद्रीय जेल में बंद है. महिला के अनुसार, इस प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायालय (हरिजन कोर्ट) सागर में पूरी हो चुकी है और 15 जनवरी 2025 को अंतिम आदेश भी पारित हो चुका है, इसके बावजूद उनका बेटा अब भी जेल में बंद है. महिला का आरोप है कि जेल के भीतर उसके बेटे के साथ शारीरिक और मानसिक रूप से अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है. उससे लगातार पैसों की मांग की जाती है और न देने पर प्रताड़ित करने तथा झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती है.

उन्होंने कहा कि उन्हें अपने बेटे से मिलने तक नहीं दिया जा रहा, जिससे वह लगातार मानसिक पीड़ा झेल रही हैं. तस्लीम अली ने बताया कि वह पिछले 6-7 दिनों से अपने बेटे से मिलने के लिए भटक रही हैं, लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि मुलाकात अप्रैल में कराई जाएगी. आवेदन में महिला ने जेल के कुछ कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि जेल में बंदियों से अवैध वसूली की जाती है और इसके बदले सुविधाएं दी जाती हैं. उन्होंने एक जेल के कर्मचारी का नाम भी लिया, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है. महिला का दावा है कि उनके पास कॉल रिकॉर्डिंग और वीडियो जैसे प्रमाण मौजूद हैं, जिन्हें वे जांच में प्रस्तुत कर सकती हैं.



# अनुसंधान संस्थान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. प्राकृत भाषा विकास फाउंडेशन द्वारा स्थापित प्राच्य भारतीय सांस्कृतिक अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान का शुभारंभ हुआ.**

संस्थान के निर्देशक के रूप में डॉ हरिश्चंद जैन शास्त्री ने कार्यभार संभाल. उन्होंने कहा प्राकृत सहित समस्त प्राच्य भाषाओं के शोध को बढ़ावा देंगे. शीघ्र ही पांडुलिपि संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य योजना को भी गति प्रदान की जावेगी. समारोह में पंडित उदयचंद जैन शास्त्री, संदीप जैन शास्त्री, अभिषेक जैन शास्त्री, प्रकाश जैन एवं डॉ. आशीष जैन आचार्य सहित अनेक विद्वान मौजूद रहे.

## सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**सागर.** पुलिस कंट्रोल रूम सागर में कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक दिनेश गुरु एवं कार्यवाहक प्रधान आरक्षक बाला प्रसाद कटारे के सेवानिवृत्ति उपरांत भावभीनी विदाई दी गई. इस अवसर पर एएसपी बीना डॉ. संजीव उइके एवं एएसपी लोकेश सिन्हा द्वारा अधिकारियों को शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट की. डॉ. उइके ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पण का माध्यम है.

एएसपी श्री सिन्हा ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, परंतु आपके अनुभव एवं सेवाएं सदैव विभाग के लिए मार्गदर्शक रहेंगी.

# नृत्य समारोह : विभिन्न नृत्यों की हुईं प्रस्तुतियां

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. सांस्कृतिक संस्था संभावना समग्र विकास समिति, गोपालगंज के तत्वाधान में रविंद्र भवन सभागार में नृत्य और लोक नृत्यों का समारोह आयोजित किया गया.**



मुख्य अतिथि पार्षद शैलेष केशरवानी एवं विशिष्ट अतिथि कविता लारिया एवं कविता शुक्ला रहीं. अध्यक्षता डॉ. आशीष द्विवेदी ने की. कलाकारों ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य उपशास्त्रीय शैली में प्रस्तुत किए. भरत नाट्यम और राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति भी हुई, कृष्ण लोक कला संस्थान द्वारा बरेदी नृत्य की प्रस्तुति की गई. ढिमरयायी नृत्य के कलाकार लीला धर रैकवार ने बुंदेली गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में प्राची सेन, अनु रजक, वैशाली भट्ट, अंशिका विश्वकर्मा, देवांशी गुप्ता, हर्षिता यादव, राधिका साहू, पूर्वी कोष्ठी, दिशा गोस्वामी, देवांशी पटेल, मानवी केसरवानी, मोहनी राजपूत, अवनी पटेल आदि कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी. इस दौरान रचना तिवारी, राजीव जाट, आशीष खटीक, माइकल,पवन, राहुल चौरसिया, अभिषेक दुबे, सुनंदा तिवारी, आयोजक डॉ अतुल श्रीवास्तव मौजूद थे.

# श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रहली 31 मार्च. श्री हरि विठ्ठल सत्संग मंडल के तत्वावधान में कृषक स्टेडियम में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ.**



गायत्री शक्तिपीठ में विधि-विधान से पूजन के उपरांत शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची. मार्ग में जगह-जगह कथा व्यास डॉ. रामकृपाल त्रिपाठी गुरुजी का स्वागत किया. डॉ.त्रिपाठी ने कहा हजार राजसूर्य यज्ञ करने से जो पुण्य प्राप्त होता है, वह फल केवल भागवत कथा श्रवण से मिल जाता है. भगवान के नाम की शक्ति बताते हुए उन्होंने उदाहरण दिया कि जिस प्रकार अग्नि का स्वभाव अनजाने में भी स्पर्श होने पर जलाना है, उसी प्रकार अनजाने में लिया गया प्रभु का नाम भी कल्याणकारी होता है. कलयुग को सबसे बड़ा श्राप बताते हुए कहा कि आज के युग में रिश्तों का प्रेम समाप्त हो रहा है.

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सीहोरा में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की जाएगी. इस प्रतिमा के लिए निर्धारित स्थल पर खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया.**



भूमिपूजन पर मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया. मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि प्रतिमा स्थापना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और जल्द यहां प्रतिमा स्थापित की जाएगी. इस अवसर पर सभी ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है, इससे युवाओं में देशभक्ति तथा स्वाभिमान की भावना और अधिक मजबूत होगी. इस अवसर पर नीरज सिंह नयाखेड़ा, संदीप सिंह, अरविंद सिंह (टिंकू राजा), सनिल सिंह, संतोष सिंह, अभिषेक सिंह, भगवत शरण सिंह, रघुराज सिंह, दरियाव सिंह, मदन सिंह, रघु सिंह, कृष्णराज सिंह, राघवेंद्र सिंह, कमल सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे.

# गैस-डीजल को लेकर प्रदर्शन



नवभारत न्यूज

**गढ़ाकोटा 31 मार्च. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पेट्रोल,डीजल और रसोई गैस की भरी कमी एवं अनियमित आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन किया गया.**

प्रदेश प्रवक्ता ज्योति पटेल एवं ब्लॉक अध्यक्ष संजय पटेरिया रहली गढ़ाकोटा अध्यक्ष जानकी पटेल एवं लक्ष्मी कोरी के नेतृत्व में सिर पर गैस सिलेंडर रखकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के उपरांत तहसीलदार महेश दुबे को ज्ञापन सौंपा.जिसमें मांग की गई कि पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों की नियमित निगरानी की जाए एवं कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए. ज्ञापन सौंपने बालों में धर्मेंद बघेल, टीकाराम पटेल, शेख मजीद, डॉ राजेंद्र चौबे मौजूद रहे.

# सशिमं का वार्षिक परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 31 मार्च. सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. विद्यालय मढ़ी रोड एवं फूलवाग विद्यालय में सत्र 2025-26 वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया.**



परीक्षा प्रमुख जीवनलाल कुर्मी द्वारा परीक्षा परिणाम भैया/बहिनों के बीच प्रस्तुत किया गया. परीक्षा में कक्षाश: प्रथम 10 स्थान प्राप्त भैया/बहिनों को विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त आचार्य/दीदीयों द्वारा शील्ड एवं प्रगति पत्रक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया. कक्षा नवम वर्ग - ख से भैया संस्कार लोधी पिता प्रहलाद सिंह लोधी को 97.13 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर विद्यालय रत्न से सम्मानित किया गया. कक्षा पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025-26 में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर पुरस्कृत किया. बोर्ड परीक्षा कक्षा 5वीं एवं 8 वीं का परीक्षा परिणाम 100% आने पर समिति प्रबंधन एवं विद्यालय परिवार द्वारा को शुभकामनाएं दी. विद्यालय समिति अध्यक्ष ऋषभ साहू ने भैया/बहिनों को बेहतर परिणाम प्राप्त करने के सुझाव दिए.

इस अवसर पर विद्यालय समिति उपाध्यक्ष सत्यानारायण ठाकु, सचिव प्रेम नारायण साहू, समिति सदस्य जगदीश प्रसाद मिश्रा, सदस्य माखन पाल, शासकीय शिक्षक मोहर कुशवाहा, डॉ. कुलदीप लोधी, प्राचार्य कमलेश सेन, प्रधानाचार्य कपिल पाठक, नगर के नागरिक ,मातृशक्ति तथा विद्यालय आचार्य-दीदी परिवार एवं भैया-बहिनों उपस्थित रहे.

# बैठक की सूचना नहीं दी गई तो पार्षद ने अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. मधुकर शाह वार्ड की कांग्रेस पार्षद श्रीमती रिचा सिंह ने नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर नगर निगम प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं.**

ज्ञापन में पार्षद श्रीमती सिंह ने बताया कि चार दन पूर्व नगर पालिका निगम में समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी. इस बैठक में नगर विधायक सहित ननि प्रशासन के अधिकारी और अन्य पार्षद उपस्थित रहे. बैठक में शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई तथा मुख्यमंत्री विशेष निधि से संचालित विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई. उन्होंने अपने पार्षद पद के अधिकारों के हनन की बात कही.

पार्षद रिचा सिंह का आरोप है कि इतनी महत्वपूर्ण बैठक होने के बावजूद उन्हें किसी भी माध्यम न तो लिखित सूचना, न ही फोन या अन्य जरिए से इसकी जानकारी नहीं दी गई. उन्होंने इसे न केवल प्रशासन की लापरवाही बताया, बल्कि पार्षद के अधिकारों का सीधा हनन भी करार दिया. ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जहां एक ओर उन्हें बैठक से दूर रखा गया, वहीं दूसरी ओर बैठक में वार्ड के पूर्व पार्षद उपस्थिति दर्ज की गई. इस पर श्रीमती सिंह ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जब वर्तमान पार्षद को ही बैठक में शामिल नहीं किया जा रहा है, तो पूर्व पार्षद की उपस्थिति पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े करती है. पार्षद ने मांग की है कि नगर निगम प्रशासन की इस कार्यशैली की जांच की जाए और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए.

## मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण

**सागर.** जनगणना के ब्लॉक मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित किया जाएगा. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संदीप जी आर ने संपूर्ण जनगणना के लिए अपर कलेक्टर अविनाश रावत को जिला जनगणना अधिकारी का दायित्व सौंपा है. कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने बताया कि जनगणना को का कार्य आसानी से करने के लिए जिले के चार मास्टर ट्रेनर पीएल प्रजापति, पवन मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, साहब सिंह यादव के द्वारा ब्लॉक के 63 ब्लॉक मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण देंगे जो की प्रशिक्षण के उपरांत 4 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच चार्ज अधिकारी स्तर पर प्रागणको को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे. उन्होंने बताया कि अपर कलेक्टर श्री रावत प्रशिक्षण के साथ संपूर्ण जनगणना की मॉनिटरिंग करेंगे.

# 1 करोड़ 60 लाख 15 हजार रुपये का घाटे का बजट सर्वसम्मति से पारित

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का जनहित कार्य एवं शहर विकास को समर्पित बजट महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी ने प्रस्तुत किया.**



बजट में आय 6 अरब 4 करोड, 33 लाख 75 हजार रूपये एवं व्यय 6 अरब 5 करोड़ 93 लाख 90 हजार रूपये, घाटा 1 करोड़ 60 लाख 15 हजार रूपये के बजट को प्रस्तुत करते हुये महापौर ने कहा कि घाटे की भरपायी संपत्तिकर, जलकर, दुकानों के किराये तथा व्यवसायिक काम्पलेक्स आदि से वसूली कर कर ली जावेगी. इसके साथ ही जलकर की एक वर्ष की अग्रिम राशि अप्रैल माह में जमा करने पर एक माह के जलकर की छूट प्रदान की जायेगी. इस दौरान निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार की अध्यक्षता में, सभापति वित्त एवं लेखा मेघा दुबे, निगमायुक्त राजकुमार खत्री थे. निगमाध्यक्ष श्री अहिरवार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में किये गये प्रावधानों पर सभी पार्षदों से सुझाव लिये तथा सर्वसम्मति से बजट पारित करने की स्वीकृति प्रदान की. एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने परकोटा वार्ड में जलप्रदाय व्यवस्था के स्थायी समाधान हेतु एक नई पानी की टंकी का निर्माण कराने का वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने की मांग की. इस दौरान धर्मेन्द्र खटीक, अनूप उर्मिल, डॉ. याकृति जड़िया, शिवशंकर यादव, नीलोफर अंसारी, रिचा सिंह, अशोक साहू, ताहिर खान, रूबी पटैल, अनीता रामू ठेकेदार, कंचन जड़िया, रेखा यादव, देवेंद्र अहिरवार मौजूद थे.




# कराते चैम्पियनशिप का आयोजन

नवभारत न्यूज

**बीना 31 मार्च. अमेच्योर कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन, के तत्वावधान में जिला कराते चैम्पियनशिप का आयोजन गवर्नमेंट इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुआ.**

प्रतियोगिता में 135 खिलाड़ियों ने सहभागिता करते हुए प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में काता, कुमिते एवं टीम काता स्पर्धाओं का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रथम विश्वामित्र अवार्ड से सम्मानित एवं भारतीय कराते टीम के हेड कोच शिहान जयदेव शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को उच्च स्तर तक पहुंचाने हेतु आधारशिला का कार्य करती हैं तथा अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं समर्पण ही उत्कृष्टता की वास्तविक पहचान है. इस दौरान ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डॉली अवस्थी, ललिता राठौर, मिहिर मोर्या, दिलकुश खान, मोशिना खान, अनूप मिश्रा, दीपक प्रजापति, पदम सिंह रावत, शैलेन्द्र कुमार कुर्मी, अमित यादव, संदीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे.

# विद्युत मंडल परिसर में बनेगा सामुदायिक भवन

नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. विद्युत मंडल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की दिशा में पहल करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने विद्युत मंडल परिसर का निरीक्षण किया.**



निरीक्षण के दौरान विधायक श्री जैन ने परिसर में उपलब्ध स्थानों का अवलोकन कर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल का परीक्षण किया. उन्होंने कहा कि यदि परिसर में पर्याप्त और उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो जाता है, तो सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को एक साझा मंच मिलेगा, जहां वे नियमित बैठकें, संवाद एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे. श्री जैन ने कहा कि इस सामुदायिक भवन के माध्यम से एक ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारी माह में एक दिन विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए समय दें. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस प्रस्ताव पर गंभीरता से कार्य करते हुए आगे की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए. इस दौरान उनके साथ नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता इमरान खान भी मौजूद रहे.

## कांग्रेस का प्रदर्शन

**सागर.** जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा गैस की किल्लत के विरोध में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर पर प्रदर्शन किया गया. यह प्रदर्शन जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में किया गया. प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता पीली कोठी के पास एकत्रित हुए और रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे. प्रदर्शनकारियों ने खाली गैस सिलेंडर हाथों में और सिर पर रखकर विरोध जताया. श्री जाटव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष खाड़ी देशों में हो रहा है, लेकिन उसका असर भारत की आम जनता पर पड़ रहा है.

# विमान जी में विराजित निकली श्रीजी की शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 31 मार्च. भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर अभिनंदनोदय तीर्थ से श्रीजी की शोभायात्रा वर्णी जैन कालेज की भूमि पांडुकशिला पर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने श्रीजी का अभिषेक कर धर्मलाभ लिया.**



अभिनंदनोदय तीर्थ से विमान जी में विराजित श्री जी की शोभायात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए श्री वर्णी जैन कालेज की भूमि स्थित पाण्डुकशिला पर पहुंची. जहां श्रेष्ठी नरेन्द्र जैन के मार्गदर्शन में अभिषेक शान्तिधारा आदि की मांगलिक कियाए हुई जिसमें संयोजक सनत जैन खजुरिया, कोषाध्यक्ष सोरभ जैन, सनत कुमार, राजीव कुमार, अलोक जैन, शिक्षक पुष्पेन्द्र जैन देवाश जैन मडावरा, जैन पंचायत के आडीटर पवन जैन अमित जैन अंतिम जैन, सनत कुमार, जितेंद्र चढरऊ, बल्लु औनौरा प्रकाश चंद जैन द्वारा की गई. आरती रूपचंद जिनेन्द्र जैन ने की. पदाधिकारियों ने आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र अनावरण कर के दीप प्रज्जवलित किया. मंगलाचरण पलक जैन ने किया.

इस मौके पर जैन पंचायत के अध्यक्ष डा. अक्षय टडैया ने वर्णीकालेज की भूमि पर शिक्षा के आलय स्थापना का संकल्प दोहराया. उन्होने वर्णी कहा शीघ्र ही जैन समाज इस भूमि पर जनहित में कल्याणकारी योजनाए शिक्षा का केन्द्र बनाकर सर्व समाज के हित में कार्य करेगी. संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया. इस अवसर पर जैन पंचायत द्वारा धार्मिक आयोजन समिति के संयोजक प्रतीक इमलिया एवं राकेश जैन रिंकू को महावीर जयंती की संयोजना में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में राजकुमार जैन, पंकज जैन, अशोक दैलवारा, शीलचंद अनौरा, महेन्द्र मडवैया, श्रयांस जैन मौजूद थे.